IBPS PO COMBO PACK
70 MOCK TESTS ₹547/-
testbook

# Important Current Affairs 26th September 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 26th September 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the Important Current Affairs 26th September 2017 in Hindi as PDF and save for revision!

**Important Current Affairs 26th September 2017 in Hindi**

1. **NAREDCO ने निरंजन हिरनंदानी को नियुक्त**
    - निरंजन हिरानंदानी को रियल्टर्स बॉडी NAREDCO के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है|
    - निरंजन हिरानंदानी, मुंबई स्थित हिरनंदानी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष और हिरानंदानी कम्युनिटीज के CMD हैं|
    - रीयल एस्टेट सेक्टर के प्रमुख उद्योग समूह, नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत है|
2. **SWIFT इंडिया के नए शेयरधारक**
    - प्रत्येक दिन ट्रिलियन डॉलर हस्तांतरण में सक्षम SWIFT इंडिया, ने घोषणा की है कि सिटीबैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक भारतीय सेवाओं में शेयरधारकों के रूप शामिल हुए हैं|
    - SWIFT इंडिया की स्थापना, 2012 में भारत में SWIFT SCRL और 9 बैंकों के संयुक्त उद्यम के रूप में, घरेलू वित्तीय समुदाय के लिए और समुदाय द्वारा की गई थी|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- SWIFT इंडिया के शेयरधारक वर्तमान में एक्सिस, BOB, BOI,केनरा बैंक सहित अन्य कई बैंक हैं|

3. **ई-प्रारूप में भण्डारण रसीद**
    - खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में परोक्ष भंडारण रसीदों की शुरुआत की है जिससे किसान आसानी से बैंक ऋण का लाभ उठा सकते हैं|
    - परोक्ष गोदाम रसीद, भौतिक वस्तु को वितरित किए बिना गोदाम में संग्रहीत उस वस्तु के स्वामित्व के हस्तांतरण की अनुमति देता है|
    - इन रसीदों को परक्राम्य रूप में जारी किया गया है, जिससे उन्हें ऋण के लिए संपार्श्विक के रूप में पात्र बनाया जा सकता है|
4. **राजनाथ सिंह ने की 'PENCIL पोर्टल' की शुरूआत**
    - राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राजनाथ सिंह ने ' PENCIL' नामक वेब पोर्टल की शुरुआत की है|
    - श्रम मंत्रालय द्वारा विकसित, 'प्लेटफार्म फॉर इफेक्टिव एन्फोर्समेंट फॉर नो चाइल्ड लेबर', PENCIL, बाल श्रम उन्मूलन के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक मंच है|
    - PENCIL पोर्टल में 5 घटक हैं - चाइल्ड ट्रैकिंग प्रणाली, कंप्लेंट कॉर्नर, राज्य सरकार, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना और अभिसरण|
5. **भारत, नेपाल के बीच रेलवे लाइन**
    - पिछले 3 वर्षों से गैर-कार्यात्मक रहने के बाद नेपाल और भारत को जोड़ने वाली, जनकपुर-जयनगर रेलवे लाइन के 2018 तक कार्यात्मक होने की उम्मीद है|
    - यह नेपाल और भारत को जोड़ने वाली एकमात्र रेलवे लाइन थी लेकिन 2014 के बाद इसकी सेवा बंद कर दी गई|


CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS PO COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- परियोजना, तीन चरणों में पूरी की जाएगी और इसकी अनुमानित लागत 5.48 बिलियन है जिसे अधिकांश भारत सरकार वहां करेगी|

6. **भारतीय नौसेना में शामिल हुआ 'INS तारसा'**
    - भारतीय नौसेना में एक वाटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट शामिल किया गया है|
    - यह 50 मीटर लंबा और 3 वाटरजेट्स द्वारा संचालित है जो इसे 35 समुद्री मील से अधिक की गति देता है|
    - तटीय रक्षा संचालन के लिए यह स्वदेशी निर्मित जहाज़, एक 30 मिमी मैं गन के अलावा कई मध्यम और भारी मशीनगनों से लैस है|
    - 'INS तारसा' नामक यह भारतीय नौसेना का दूसरा जहाज है इससे पहले यह 1 999 से 2014 तक सेवा में था|
7. **सरकार को 2020 तक 5G की शुरुआत की आशा**
    - सरकार ने 2020 तक प्रौद्योगिकी की शुरुआत के लिए रोड मैप तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय 5G समिति की स्थापना की है|
    - 5G तकनीक के तहत, सरकार का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में लगभग 10,000 मेगाबिट प्रति सेकंड और ग्रामीण स्थानों में 1000 Mbps प्रदान करना है|
    - 5G फोरम में दूरसंचार विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव शामिल होंगे|
8. **मुद्रा प्रचार अभियान**
    - स्वयंरोजगार के अवसरों में तेजी लाने के लिए, वित्त मंत्रालय ने 27 सितंबर से प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से देश भर में मुद्रा प्रचार शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- अभियान मुद्रा ऋणों को न केवल बढ़ावा देगा बल्कि डिजिटल भुगतान पद्धति, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलाने में मदद करेगा|
- प्रत्येक राज्य की राजधानियों में 1 सहित 50 कैंपों का आयोजन किया जाएगा|

9. **नूयी, कोचर, शिखा, महिलाओं की बिज़नस सूची में शामिल**
    - 2 भारतीय चंदा कोचर और शिखा शर्मा ने फॉर्च्यून पत्रिका द्वारा तैयार अमेरिका में सबसे शक्तिशाली विदेशी महिलाओं की रैंकिंग में जगह बनायी है|
    - इस सूचि में बैंको सैंटेंडर ग्रुप की कार्यकारी अध्यक्ष एना बॉटिन शीर्ष पर हैं जबकि ICICI बैंक की कोचर को 5वां और एक्सिस बैंक की शर्मा को 21वां स्थान दिया गया है|
    - पेप्सिको की CEO इन्द्रा नूयी, अमेरिका की सबसे शक्तिशाली महिला बिज़नस सूची में नंबर 2 हैं|

10. **लागू होंगे ICC के नए नियम**
    - ICC के पुनर्निर्मित खेल-नियम, 28 सितंबर से शुरू होने वाली सभी श्रृंखलाओं में लागू होने के लिए तैयार हैं|
    - महत्वपूर्ण परिवर्तनों में, बल्ले का आयाम और निर्णय समीक्षा प्रणाली में बदलाव पर प्रतिबंध शामिल हैं|
    - ICC की खेल स्थितियों में अब MCC कानून (2017 कोड) से संबंधित धाराओं को शामिल किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक फॉर्मेट के लिए सभी गेम नियम 1 दस्तावेज़ में संकलित किए जाएंगे|

11. **बनज देवी को सरला पुरस्कार**
    - प्रसिद्ध ओड़िया कवि और लघु कथा लेखक बनज देवी को प्रतिष्ठित सरला पुरस्कार के 38वें संस्करण से सम्मानित किया जाएगा|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- उन्हें उनकी लघु कथा संकलन 'कथापुआ' के लिए सम्मानित किया जाएगा|
- राज्य के सबसे प्रमुख साहित्यिक पुरस्कारों में से वार्षिक सरला पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र के साथ 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है|

12. **SBI ने सिंगापुर में खोली नई शाखा**
    - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सिंगापुर में अपनी सेवा का विस्तार करते हुए, अपनी छठी शाखा खोल दी है|
    - नई शाखा, आवास सम्पदा के लिए लोकप्रिय, आंग मो किओ क्षेत्र में स्थापित की गई है|
    - SBI, सिंगापुर में बैंकों के बीच जमाराशियों पर उच्चतम ब्याज दरों की पेशकश, धन प्रबंधन, बीमा और रुपया प्रेषण सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा|

13. **शशि शंकर बने ONGC के CMD**
    - शशि शंकर को भारत के सबसे बड़े तेल एवं गैस उत्पादक ONGC के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है|
    - वर्तमान में ONGC के निर्देशक (तकनीकी और क्षेत्रीय सेवाएं) शंकर, 1 अक्टूबर से CMD का प्रभार लेंगे|
    - वे 30 सितंबर को सेवानिवृत होने वाले दिनेश के. सराफ की जगह लेंगे|
    - शंकर का 4 वर्षों का कार्यकाल लगभग मार्च 2021 तक होगा|

14. **त्यागी, दुनिया के शीर्ष नियामकों में नामित**
    - एक रिपोर्ट के अनुसार, सेबी के अध्यक्ष अजय त्यागी को दुनिया के शीर्ष 10 नियामकों में से एक नामित किया गया है|
    - इस वर्ष सेबी का पद संभालने वाले त्यागी, दुनिया भर के शीर्ष 10 नियामकों में सातवें स्थान पर रहे हैं|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK COMBO PACK 70 MOCK TESTS ₹547/- testbook

- यह रैंकिंग, 'बाजार संरचना में विश्व के सबसे प्रभावशाली लोग' का हिस्सा है, जिसे एक्सचेंज इनवेस्ट 1000 भी कहा जाता है|
- EU के आयुक्त मार्गरेट वेस्टस्टर सूची में सबसे ऊपर हैं|

15. **'मार्स ऑर्बिटर मिशन' ने पूरे किये 3 वर्ष**

- ISRO की कम लागत वाले 'मार्स ऑर्बिटर मिशन' ने मंगल ग्रह की कक्षा में 3 वर्ष पूरे कर लिए हैं|
- 50 करोड़ वाले MOM मिशन का लक्ष्य, मंगल ग्रह की सतह और खनिज संरचना का अध्ययन करना है| यह वातावरण में मंगल ग्रह पर जीवन का एक संकेतक, मीथेन की उपस्थिति का पता लगाएगा|
- ISRO ने 5 नवंबर 2013 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अंतरिक्षयान लॉन्च किया था|
- अंतरिक्ष यान से प्राप्त आंकड़ों के वैज्ञानिक विश्लेषण प्रगति पर हैं|

16. **ADB ने घटाया भारत का विकास अनुमान**

- एशियन डेवलपमेंट बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास अनुमान को घटाकर 7% कर दिया है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए भी पूर्वानुमान को घटाया है|
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के पूर्वानुमान को 7.6% से 7.4% तक समायोजित किया गया है|
- नयी वस्तु और सेवा कर व्यवस्था के प्रदर्शन और कार्यान्वयन ने उपभोक्ता व्यय और व्यापारिक निवेश को घटा दिया है|

17. **IISc और इन्फोसिस फाउंडेशन में समझौता**

- इन्फोसिस फाउंडेशन ने 'संक्रामक रोग अनुसंधान केंद्र' में संरचना के विस्तार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर के साथ 5 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं|



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

IBPS PO
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

- अनुदान का इस्तेमाल संक्रामक रोगों के बारे में अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरूकता पैदा करने के लिए किया जाएगा|
- IISc सभी विज्ञान और इंजीनियरिंग विषयों में अनुसंधान और उच्च शिक्षा का विश्वविद्यालय है|

18. **पहली सामाजिक जनवार्ता**

- वाशिंगटन में चीन और अमेरिका के बीच पहली सामाजिक और जन संवाद वार्ता का आयोजन किया जायेगा|
- चीनी उप प्रधान मंत्री, लियू यांडॉन्ग अमेरिकी राज्य सचिव रेक्स टिलर्सन के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे|
- बैठक, जीई जिनपिंग एंड डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर वार्ता के दौरान स्थापित चार उच्च-स्तरीय संवादों में से एक है|
- दोनों पक्ष संबंधित क्षेत्रों में द्विपक्षीय मुद्दों और सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे|

19. **विज़न-2025 परियोजना**

- कर्नाटक सरकार ने जनता की राय के साथ अगले 7 वर्षों में राज्य के विकास के लिए एक मसौदा नीति विकसित करने के उद्देश्य से 'विजन -2025' परियोजना की शुरुआत की है|
- अधिकारी सार्वजनिक प्रतिनिधियों और आम जनता के साथ चर्चा करने के बाद आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे| इसके बाद वे वर्ष 2025 के लिए 'विज़न पालिसी' का मसौदा तैयार करेंगे|
- अगले वर्ष की शुरुआत में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होंगे|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS CLERK
COMBO PACK
70 MOCK TESTS
₹547/-
testbook

20. **SBI ने घटाया 'मिनिमम बैलेंस'**

- SBI ने बचत खाते में न्यूनतम औसत मासिक शेष राशि 5,000 रूपये से घटा कर 3,000 रूपए कर दी है और गैर अनुपालन के जुर्माने को भी संशोधित किया है|
- बैंक ने मेट्रो और शहरी केंद्रों को एक श्रेणी में रखने का फैसला किया है|
- बैंक ने पेंशनधारियों, सरकार के लाभार्थियों और नाबालिगों को बचत खाते में न्यूनतम शेष की आवश्यकता से छूट देने का निर्णय लिया है|

## Attempt Current Affair Quiz for 26th September 2017



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play